दैनिक जागरण 10/02/2024

जल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में जल ही जीवन पर नुक्कड़ नाटक कआ आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत इंडियन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन (इरादा) के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विज्ञान भारत सरकार के सहयोग से हुआ। छात्रों को जल ही जीवन है विषय पर नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक डा. राकेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। उधर, कालेज में मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति वितरण के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। संयोजक पिंकी गुप्ता ने बताया कि कालेज द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के आधार पर खेलकूद में प्रशिक्षित एवं प्रतिस्पर्धी छात्रों को एवं विभिन्न योग्यता मानको एवं आर्थिक आधार पर छात्रवृत्तियां वितरण की जाएंगी।

नुक्कड़ नाटक के दौरान शामिल कलाकार● सौजन्य विज्ञप्ति